हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–198 : जौनपुर, सोमवार 10 अप्रैल 2023 साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जुलाई में लगेंगे 35 करोड़ पौधे –मुख्यमंत्री योगी आत्यिनाथ

लखनऊ ब्यूरो : एक तरफ विकास आज की आवश्यक्ता है, तो पर्यावरण और प्रकृति के प्रति दायित्वों से भी हम मुक्त नहीं हो सकते। मनुष्य ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति का अतिदोहन करके जिन दुष्परिणामों को आमंत्रित किया है, आज हम सब उसके भुक्तभोगी बन रहे हैं। क्लाइमेट चेंज आज दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती है। विगत वर्षों में असमय अतिवृष्टि के रूप में हमने इसके दुष्परिणामों को देखा है। भारत की परंपरा सदैव से पर्यावरण हितैषी रही है। ये धरती हमारी माता है और हम सब इसके पुत्र हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण की नई राह दिखाने का कार्य कर रहा है। उत्तर प्रदेश में लगातार इस दिशा में कार्य हो रहे हैं। उन्होंने एलान किया कि आगामी जुलाई माह में प्रदेशभर में 35 करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। 2017 के बाद से अब तक यूपी में 133 करोड़ पौधरोपण का कार्य हुआ है। यही कारण है कि आज प्रदेश की जनता में भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर सकारात्मक भाव पैदा हुआ है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय नेशनल क्लाइमेट कॉन्क्लेव–2023 का उद्घाटन करते हुए कही। प्रकृति के अतिदोहन से सामने आ रहे दुष्परिणाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय नेशनल क्लाइमेट कॉन्क्लेव में देशभर से आए प्रतिनिधगणों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे प्राचीन ग्रंथ में वेदों में अथर्ववेद का एक सूक्त हमें धरती के प्रति अगाध निष्ठा के साथ जोड़ने का प्रयास करता है। इसके अनुसार धरती हमारी माता हैं और हम सब इसके पुत्र हैं। संपूर्ण जीव सृष्टि में प्रकृति प्रदत्त मां के प्रति दायित्व का दर्शन होता है। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज आज एक बड़ी चुनौती है। विगत साल हमने असमय अतिवृष्टि को देखा है। बीते 25 साल के सार्वजनिक जीवन में मैंने कभी नहीं देखा कि अक्टूबर में बाढ़ आई हो। किसान को जब पानी की जरूरत है तो बारिश नहीं होती और फसल काटते वक्त



असमय बरसात पूरी मेहनत पर पानी फेर देती है। 100 साल से पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष के रूप में किया जा संरक्षित सीएम ने कहा कि 2017 में जब हमें सरकार बनाने का अवसर प्राप्त हुआ तब पहले वर्ष हमने 5 करोड़, फिर 10 करोड़ पौधरोपण किया। विगत 6 साल में यूपी में 133 करोड़ पौधरोपण का कार्य किया गया है। आज यूपी में आम नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण का भाव पैदा हुआ है। आज हम 100 साल से पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष के रूप में मान्यता देकर उनका संरक्षण कर रहे हैं। प्रदेश में ऐसे कई वृक्ष हैं, जिनके नीचे बैठकर क्रांतिकारियों ने देश की आजादी की रणनीति तय की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में मौजूद आम के पुराने वृक्ष से संबंधित स्मृतियों का वर्णन करते हुए बताया कि बद्रीनाथ धाम के सिद्ध योगी सुंदरनाथ 1907 में गोरखनाथ मंदिर आए और वहां मौजूद आम के वृक्ष के नीचे तत्कालीन महंत बाबा गंभीरनाथ के साथ संवाद किया। वो वृक्ष आज भी वहां मौजूद है और फल देता है। इसके अलावा 1912 में भारत सेवा श्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद ने भी उसी वृक्ष के नीचे बाबा गंभीरनाथ से दीक्षा ली थी।

## डॉ प्रदीप सिंह निर्विरोध सातवीं बार अध्यक्ष निर्वाचित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं जनपद कार्यकारिणी का गठन शहर के एक होटल में संपन्न हुआ। डॉ प्रदीप सिंह लगातार सातवीं बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष एवं विजय भान यादव निर्विरोध जिला मंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। अधिवेशन के पर्यवेक्षक संरक्षक राम अवतार यादव एवं अशोक कुमार मौर्य रहे। अधिवेशन के प्रथम सत्र में जिला मंत्री विजयभान यादव द्वारा विगत दो वर्षों में हुई जनपद कार्यकारिणी की उपलब्धियों तथा आय व्यय का लेखा–जोखा सदन में प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा हर्ष ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया। विभिन्न विकास खंडों से आए सचिवों द्वारा मनरेगा की विसंगतियां, विशेष ऑडिट आपत्ति, सचिवों के लिए आकस्मिक निधि की स्थापना, वेतन वृद्धि एवं समय से वेतन न मिलना, समस्त योजनाओं हेतु विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता, ऑनलाइन भुगतान में आ रही समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। द्वितीय सत्र में जनपद कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया जिसमें मो साजिद अंसारी प्रांतीय प्रतिनिधि, लक्ष्मीचंद एवं डॉ रामकृष्ण यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय यादव, नागेंद्र कुमार यादव, अजय कुमार मिश्र, त्रिभुवन सिंह यादव,विश्राम बिंद, सरिता पाल एवं धर्मेंद्र यादव उपाध्यक्ष, राजकुमार पांडेय कोषाध्यक्ष, पुरुषार्थ यादव, अजीत कुमार, अनूप सिंह संगठन मंत्री, सौरभ दूबे, अनिल कुमार यादव,रत्नेश सोनकर संयुक्त मंत्री, दिनेश राजभर सम्प्रेक्षक तथा राम आसरे मौर्य एवं उमेंद्र यादव मीडिया प्रभारी निर्विरोध निर्वाचित हुये। निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ संरक्षक सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत



ओंकार नाथ मिश्र ने दिलायी। शपथ ग्रहण के पश्चात पूरे जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आये ग्राम पंचायत अधिकारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से विभूषित करते हुए जयघोष के नारे लगाते हुए माहौल को खुशनुमा कर दिया। लगातार सातवीं बार ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के निर्विरोध निर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह जो वर्तमान में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर के भी अध्यक्ष हैं ने जनपद के समस्त सचिवों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान संघर्ष वर्ष में पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न विभागीय समस्याओं के निस्तारण हेतु नैतिकता के आधार पर संवैधानिक तरीके से समर्पित भाव से हम लोग जनपद से लेकर प्रदेश तक लक्ष्य प्राप्त होने तक संघर्ष करते रहेंगे। अधिवेशन में सुनील कुमार श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह,उमेश श्रीवास्तव, उदय शंकर सिंह, रणजीत सिंह, संतोष दुबे,शैलेंद्र सिंह,उमेश सोनकर,विनय यादव, अमित गुप्ता,प्रदीप कुमार, नीरज श्रीवास्तव, सत्यम यादव,हरीशचंद्र यादव, जयप्रकाश मौर्य, नरेंद्र कुमार,, कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विजयभान यादव द्वारा किया गया।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा शाखा जौनपुर की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सिटी क्राईम रिपोर्टर अनुराग श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा शाखा जौनपुर की बैठक नवनियुक्त युवा अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव के नईगंज आवास पर हुआ बैठक की अध्यक्षता गौरव श्रीवास्तव ने किया मुख्य अतिथि महासभा के जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव



एवं विशिष्ट अतिथि महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु रहे बैठक का संचालन युवा महासचिव अजीत श्रीवास्तव ने किया इस अवसर पर युवा उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव एवं जिला सचिव अतीश श्रीवास्तव, सन्तोष अस्थाना, अजीत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था कोशिश की मासिक गोष्ठी सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था कोशिश की मासिक गोष्ठी शिक्षाविद और ख्यात कवि प्रो.पी.सी.विश्वकर्मा की अध्यक्षता में रासमंडल,जौनपुर में आयोजित की गई।सरस्वती वंदना के पश्चात सुमति श्रीवास्तव की कविता मैं–सुनो,मैं जिंदा हूँ नारी विमर्श पर प्रकाश डाल गई। रामजीत मिश्र की रचना––बहुत पी चुकी खूं जमीं आदमी की युद्ध की भयावह तस्वीर खींच गई। कवि विनय शर्मा दीप का गीत खुशबू आए फुलवारी से ऐसा फूल खिलाना होगा,एकता संदेश दे गया। गिरीश कुमार का मुक्तक–गिरीं बिजलियां मुश्कराने से पहले, जलेंगे स्वयं वो जलाने से पहले।खबर हिचकियों से उन्हें भेज देंगें ,चले आयेंगे याद आने से पहले। प्रेम का गहन भाव दर्शन करा गया। प्रखर जी का शेर ––हम भ्रमित मधुमास लेकर क्या करेंगें–विसंगति का चित्रण कर गया। अशोक मिश्र ने जब पढ़ा––मै देश–भक्ति का परचम हूँ मैं आजादी का राग हूँ, मैं जलियांवाला बाग हूँ।गोष्ठी में देशप्रेम का उत्साह भर गया। जनार्दन अष्ठाना का चौता –आ गई चौत महिनवां हो रामा,पिया नाहीं अइलेन।वियोग का मार्मिक वर्णन कर दिया। प्रो. आर. एन.सिंह ने



––आता नहीं समझ में लोकतंत्र कहाँ है–राजनीति का विद्रूप चेहरा दिखाया। प्रेम जौनपुरी कविता –मर्यादापुरुषोत्तम राम – मानवीय मूल्य को रेखांकित कर गई. गोष्ठी में ओ.पी.खरे,अनिल उपाध्याय, श्रीमती दमयंती सिंह, राजेश पांडेय, डाक्टर संजय सागर, कलाधर यादव,फूलचंद भारती,अंसार जौनपुरी,रवींद्र दीप ,नंद लाल समीर ,सुरेंद्र यादव ,डाक्टर आर. के.अष्ठाना आदि उपस्थित होकर अपनी रचनाधर्मिता से गोष्ठी को सफल बनाया. संचालन जनार्दन अष्ठाना पथिक और आभार ज्ञापन प्रो. आर. एन. सिंह ने किया।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा हवन एवं भंडारे के साथ सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस सोमवार को कथा प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भागवत कथा में पहुंचकर हरि के वचनों को सुनकर व भंडारे



का प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुजन तृप्त हुए। हनुमान मंदिर मुन्नू खेड़ा आवास विकास कॉलोनी पारा लखनऊ में हवन, पूजन एवं भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा सम्पन्न हुई। कथा व्यास धर्मदूत जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। आयोजक अमित कुमार यादव ने प्रसाद वितरण किया।

## मैलानी जाने वाली ट्रेन का इंजन हुआ ब्लॉक : यात्री गर्मी और प्यास से हुए परेशान

बहराइच ब्यूरो : बहराइच से मैलानी जाने वाली ट्रेन का इंजन सोमवार को ब्लॉक हो गया। ब्लॉक इंजन से ही यात्रियों को लेकर ट्रेन मैलानी के लिए रवाना हुई। मटेरा रेलवे स्टेशन पहुंचते ही इंजन ने लोड लेना छोड़ दिया। जिस पर नेपालगंज रोड से आई दूसरी ट्रेन का इंजन बदल कर उसे मैलानी के लिए रवाना किया गया। ट्रेन का इंजन खराब होने के चलते मैलानी जाने वाली दूसरी पैसेंजर ट्रेन कैंसिल करनी पड़ी। बहराइच रेलवे स्टेशन से सोमवार सुबह 8.20 बजे पैसेंजर ट्रेन मैलानी जंक्शन के लिए रवाना हुई लेकिन ट्रेन का इंजन पहले से ही ब्लॉक था, जिसके चलते ट्रेन लोड नहीं उठा पा रहा था। इसके बाद भी ट्रेन का संचालन अपने निर्धारित समय पर किया गया। ट्रेन धीरे–धीरे चलते हुए बहराइच से रिसिया रेलवे स्टेशन पर पहुंची। यहां पर ट्रेन के सुबह 9.28 बजे पहुंचते ही चालक ने रोक दिया। इसी दौरान नेपालगंज रोड से चलकर बहराइच जाने वाली ट्रेन पहले से ही खड़ी थी। नेपालगंज रोड से आई ट्रेन के इंजन को मैलानी जाने वाली ट्रेन में जोड़ा गया। इसके बाद 10 बजे ट्रेन मैलानी के लिए रवाना हुई। इस दौरान मैलानी और नेपालगंज से बहराइच जाने वाली ट्रेन के सैकड़ों यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ा। सभी गर्मी और प्यास से परेशान दिखे। दूसरी ट्रेन हुई निरस्त नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से बहराइच जाने वाली ट्रेन को ही नंबर बदलकर मैलानी के लिए सुबह 10 बजे रवाना किया जाता है लेकिन पहली ट्रेन का इंजन खराब होने के चलते उसी ट्रेन का इंजन उसमें जोड़ा गया जिसके चलते बहराइच रेलवे स्टेशन से सुबह 10 बजे मैलानी जाने वाली ट्रेन को निरस्त कर दिया गया। इससे मैलानी रूट पर जाने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत हुई। सभी अपने घर वापस लौटने को विवश हुए।

## पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई गोला बाजार की बैठक तहसील अध्यक्ष गोला राजेश शर्मा की अध्यक्षता में बाबर्ची रेस्टोरेंट गोला में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य तीन बिंदुओं पर चर्चा की गई। गोला तहसील के सभी सदस्यों का संगठन से बना परिचय पत्र का वितरण किया गया। तहसील गोला में सदस्यता से छुटे साथी एक सप्ताह में सदस्यता फार्म भर कर सदस्य हासिल कर सकते हैं। बैठक के मुख्य अतिथि पीपीए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्रभान तिवारी ने कहा कि संगठन के सभी साथी अपने एक परिवार की तरह है। संगठन की मीटिंग प्रत्येक महीने में एक बार जरूर होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पीपीए के प्रदेश अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद पाण्डेय व प्रदेश संयोजक घनश्याम कसौधन ने तहसील के सभी सदस्यों से कहा कि आप लोगो की प्रत्येक मीटिंग में शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। मीटिंग मे शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलती है। तहसील गोला राजेश



शर्मा ने कहा कि संगठन से जो भी साथी जुड़े है उनका स्वागत है। ये हमारा पीपीए परिवार अपने पत्रकार बंधुओं के साथ हमेशा खड़ा मिलेगा। पीपीए के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा आई–कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री नीलेश तिवारी, तहसील मंत्री दिवाकर राय, कोषाध्यक्ष राजकुमार यादव, राकेश यादव, चन्द्र प्रकाश विश्वकर्मा, बसंत यादव, आशुतोष चौधरी, अखिलेश्वर पाण्डेय, प्रशांत तिवारी, देवब्रत चंद, कृष्ण कुमार गोंड आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का नगर में किया गया पुष्प वर्षा से स्वागत

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पथ संचलन में काफी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। पथ संचलन का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया गया। सर्वप्रथम साहस, शौर्य, धैर्य और पराक्रम के प्रतीक पथ संचलन नगर के राजकीय बालिका इण्टर कालेज में सभी स्वयंसेवक एकत्र हुए।तत्पश्चात गाजेबाजे के साथ पथ संचलन की शुरुआत बालिका इण्टर कालेज से शुरू हुआ जो सबसे पहले बस स्टैंड चौराहा होते हुए भगवंतपुर, बाजार,सुलह सरायं, पटियानीव, सैफ सराय,खाराकुआं आदि प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस लौट आया। पथ संचलन में शाहाबाद क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय,प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला कार्यवाह संजीव खरे, शिवम तिवारी, दिलीप



दीक्षित, राजन शुक्ला,संदीप मिश्रा, कुलदीप मिश्रा,आलोक शुक्ला, श्याम मोहन मिश्रा,रजत बाजपेयी,मूलचंद बाजपेयी,डॉ देवेश मिश्रा, पिंटू यादव आदि काफी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## निकाय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा : प्रदेश में दो चरणों में होंगे चुनाव

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। प्रदेश में दो चरणों में होंगे चुनाव। 4 मई व 11 मई को होगा मतदान 13 मई मतगणना होगी।

पहले चरण में इन जिलों में होगा चुनावः–4 मई 2023 शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल,




आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन, ललितपुर, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुरखीरी, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोरखपुर देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली व जौनपुर।

दूसरा चरणः–11 मई 2023 मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, बदायूं, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, हाथरस, कासगंज, एटा, अलीगढ़, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज औरैया, हमीरपुर, चित्रकूट, महोबा, बांदा, अयोध्या, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, अममेठी, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सोनभद्र, भदोही व मीरजापुर

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

सहन करनें से साहस का गुण स्वतः आ जाता है।

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# मौसम का मिजाज

ऋतुएं नहीं बदलेंगी तो धरती का पूरा ईको सिस्टम ही बिगड़ जाएगा। फसलें नहीं उगेंगी। पेड़ों की असमय मौत हो जाएगी। हवा में ऑक्सीजन का प्रतिशत गडबड़ा जाएगा यानी की सबकुछ तहस नहस हो जाना है।

एक बड़ी प्रचलित कहावत है, उनका मिजाज मौसम की तरह बदलता है यानी कि मौसम का कोई स्थाई मिजाज नहीं होता है। वो कभी भी बदल जाता है। इन दिनों भी कुछ ऐसा ही चल रहा है। ऋतुराज बसंत की विदाई के साथ ही गर्मी दस्तक दे देती है। हवा में गुलाबी जाड़ों सी शीतलता मौजूद है।

मौसम को तवज्जो देने वाले खुश हैं कि ऐसा ही मौसम रहे तो अच्छा है। न ज्यादा गर्मी पड़े न कुड़कुड़ाती ठंड। मगर ऐसा मुमकिन नहीं है। ऋतुएं नहीं बदलेंगी तो धरती का पूरा ईको सिस्टम ही बिगड़ जाएगा। फसलें नहीं उगेंगी। पेड़ों की असमय मौत हो जाएगी। हवा में ऑक्सीजन का प्रतिशत गडबड़ा जाएगा यानी की सबकुछ तहस नहस हो जाना है।

कोरोना काल के दौरान जब लंबे समय तक लॉकडाउन लगा रहा तो काफी हद तक प्रदूषण से मुक्ति मिल गई थी। न गाड़ियां चल रही थीं, न फैक्ट्रियां धुंआ छोड़ रही थीं और न ही उस तरह से पेड़ों की अंधाधुंध कटान ही हो रही थी। नतीजा यह था कि वायु प्रदूषण के साथ ही ध्वनि, जल और मृदा प्रदूषण पर काफी हद तक नियंत्रण हो गया था।

लॉकडाउन के महीना भर गुजरने के साथ ही इसका असर भी मौसम और फिर जीवन शैली पर भी दिखने लगा। वातावरण एकदम साफ हो गया था। बरेली जैसे शहरों से नैनीताल की पहाड़ियां दिखने लगी थीं। मोर सड़कों पर नाचते दिख रहे थे। गौरैया धूल में लोटती नजर आने लगी थीं। यूं लग रहा था कि सब कुछ पचास साल पीछे चला गया है।

इसका असर मौसम पर भी दिखने लगा था। 2020 के लॉकडाउन में मई में भी शिद्दत की गर्मी नहीं पड़ी। मौसम बड़ा ही कूल–कूल सा रहा। लोगों ने कहना शुरू कर दिया था कि प्रदूषण की कमी की वजह से वेदर बहुत प्लीजेंट हो गया है। 2022–23 में सर्दियां भी बहुत कम पड़ीं। न पहले जैसा कोहरा ही दिखा और न शीत लहरी का ही एहसास हुआ।

कुछ साल पहले के मौसम के बारे में गौर करें तो यह हमेशा लगता है कि इस बार जैसी गर्मी पहले कभी नहीं पड़ी! इस पर घर के बड़े–बुजुर्ग टोकते हुए कहते हैं, "अब कहां गर्मी पड़ती है। गर्मी तो हमारे जमाने में पड़ती थी!" उनकी बात सुनकर अकसर मन में यह ख्याल आने लगता है कि दादा के समय में तो पर्यावरण बहुत साफ–सुथरा था, फिर तब इतनी गर्मी क्यों पड़ती थी?

इन बातों के दौरान मौसम के बारे में अक्सर अखबारों में छपी एक खबर और ज्यादा अचंभित कर जाती है, गर्मी ने 120 साल का रिकॉर्ड तोड़ा। दरअसल इन खबरों का सीधा सा मतलब होता है कि 27 जून जैसा हाई टंपरेचर इसी तारीख को 120 साल पहले था। यानी यह तापमान, विशेष एक दिन का होता है। अब इन दिनों जैसा मौसम है तो खबरों की हेडिंग होगी कि पांच अप्रैल का दिन 90 साल का सबसे ठंडा दिन रहा।

इन सबके बीच अहम सवाल यह है कि मौसम का यह बदलता मिजाज क्या किसी खतरे की घंटी है?

यही सवाल हमने पर्यावरणविद् डॉ. एपी सिंह से पूछा। वह कहते हैं, "यह क्लाइमेट का पीरियाडिकल टाइम चल रहा है। ऐसा अभी आगे भी चलते रहने की उम्मीद है।" वह कहते हैं कि इसे निश्चित तौर पर खतरे के तौर पर देखने की जरूरत है। मौसम का यह बदलाव अचानक किसी बड़ी घटना को जन्म तो नहीं देगा, लेकिन कालांतर में इसके नुकसान उठाने पड़ेंगे।

यह बदलाव बहुत धीमी गति से निरंतर हो रहा है। ऋतु का यह परिवर्तन इतना धीमा है कि हम इस पर गौर भी नहीं कर पाते हैं, लेकिन जब हम पिछले 30–35 साल का डेटा उठाकर देखते हैं तो समझ में आता है कि मौसम किस तरह से बदल रहा है।

जैसा की शुरू में बताया गया कि दो–तीन साल में हुआ मौसम का यह बदलाव अब स्पष्ट दिखने लगा है, लेकिन मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यह बदलाव निरंतर हो रहा है। अब चीजें साफ दिखने लगी हैं और हमने इस पर गौर भी करना शुरू किया है। डॉ. एपी सिंह ने कहा कि 30–35 साल पीछे जाकर देखें तो पता चलता है कि उत्तर भारत में उन दिनों मई के दूसरे–तीसरे हफ्ते में वर्षा ऋतु दस्तक दे देती थी।

अब बारिश का यह मौसम आगे शिफ्ट हो गया है और अब जून में बारिश होती है। धीरे–धीरे मानसून की आमद जुलाई की तरफ बढ़ रही है। इसी तरह से सर्दियां भी पहले जल्दी आ जाती थीं। अक्टूबर के आखिर में ही रजाई–गद्दे निकल आते थे। अब नवंबर में गुलाबी सर्दी रहती है।

ऋतुओं के परिवर्तन का असर फसलों पर भी पड़ रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि आप किसी बूढ़े किसान से पूछें तो वो बताएगा कि 70 साल पहले गेहूं की फसल नवंबर में बोई जाती थी। किसी किसान की गेहूं की बुआई नहीं हो पाती थी तो बाकी किसान मजाक बनाते हुए कहते थे कि गंगा स्नान हो गया और अभी इनके यहां गेहूं नहीं बोया जा सका। अब गेहूं की फसल दिसंबर में बोई जाने लगी है। इसी तरह से अब गर्मी का मौसम भी देर से शुरू हो रहा है।

आने वाले दिनों में ऋतुओं का यह परिवर्तन गंभीर खतरे लेकर आ सकता है। डॉ. एपी सिंह ने बताया कि क्लाइमेट शिफ्टिंग का असर फसलों की पैदावार पर पड़ेगा। नए तरह के फ्लू और दूसरी बीमारियां आएंगी। वह सुझाव देते हुए कहते हैं कि शहरीकरण की जगह वनीकरण की स्कीम लाई जानी चाहिए।

शहरों की जगह अब गांवों को डेवलप किया जाए ताकि शहरों का विस्तार न हो। सिंगल घर की जगह फ्लैट कल्चर को बढ़ावा देने की जरूरत है, ताकि वनों और खेती की जमीन को कंक्रीट के जंगल में न बदलना पड़े। आज के मुकाबले पुराने लोग कुदरत और मौसम को लेकर ज्यादा जागरूक थे। लोगों को फिर से कुदरत के साथ जीना सीखना ही होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## श्री लक्ष्मण जी का शौर्य एवं विश्व बन्धुत्वादर्श अनुकरणीय रहा है –डॉ. स्वामी भगवदाचार्य

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 41 वां श्री लक्ष्मण मेला लखनऊ में सम्पन्न सनातन धर्म परिषद एवं सनातन नगर विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में 41वां लक्ष्मण मेला का आयोजन सनातन धर्म आश्रम, सनातन नगर, चिनहट, लखनऊ में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री श्याम मनोहर तिवारी बलरामपुर राष्ट्रीय महामंत्री सनातन धर्म परिषद तथा सुश्री आरती तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बलरामपुर के साथ बहुत से श्रद्धालु महानुभावों ने कार्यक्रम में भाग लिया। ज्ञातव्य है कि लक्ष्मण मेला का कार्यक्रम परिषद द्वारा परंपरागत आयोजित किया जाता है। लक्ष्मणपुरी लखनऊ के संस्थापक शेषावतार रामानुज श्री लक्ष्मण जी महाराज थे। उन्हीं के सम्मान में प्रतिवर्ष लक्ष्मण



मेला का आयोजन किया जाता है। श्री लक्ष्मण जी का शौर्य एवं विश्व बन्धुत्वादर्श अनुकरणीय रहा है। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

## 11 अप्रैल को होने वाले धरना प्रदर्शन के संबंध में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की समीक्षा बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की 11 तारीख को होने वाले धरना प्रदर्शन के संबंध में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की आंदोलन की तैयारी समीक्षा बैठक आज गूगल मीट पर संपन्न हुई जिसमें उपस्थिति अच्छी रही । सभी ने सकारात्मक संदेश दिए । जनपद में तैयारी की समीक्षा के साथ विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुरेश रावत ने की, बैठक में ipsef के अध्यक्ष वी पी मिश्र भी उपस्थित रहे । सभी जनपदों ने तय किया कि जनजारूकता हेतु सभी संबद्ध संगठन एवं जनपद शाखाओं द्वारा अपने स्तर से तैयारी बैठक की जाएगी जिससे निश्चित ही आंदोलन मजबूत होगा । महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि बैठक में जनपदीय अध्यक्ष, मंत्री, मंडलीय अध्यक्ष, विभिन्न संघों के प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे । Ipsef के अध्यक्ष वी पी मिश्रा ने बताया की प्रदेश के विभिन्न राज्यों में 11 अप्रैल का कार्यक्रम सभी जनपदों में किया जाएगा जिसमें मुख्य रुप से पुरानी पेंशन बहाली करने, ठेकेदारी रोकने ,राष्ट्रीय पेंशन आयोग का गठन मुद्दा रखा गया है वही प्रदेश में उक्त मांगो के साथ मोर्चे द्वारा 12 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है । उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाएगा । मांगी की पूर्ति हेतु 11 अप्रैल को सभी जनपदों में धरना देने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के अध्यक्ष /मंत्री एवं परिषद के संबंध घटक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ,रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद,माध्यमिक शिक्षक संघ, फार्मेसिस्ट फेडरेशन, एवं विकास प्राधिकरण कर्मचारी, X-ray technician संघ, optometrist संघ, संविदा फार्मासिस्ट एसोसिएशन यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन आदि ने आंदोलन में शरीक होने के बाद कही । संगठनो के अध्यक्ष /महामंत्री ने बताया कि जनपद के कर्मचारियों से अपील किया जा चुका है कि



11 अप्रैल को धरना में भारी संख्या में उपस्थित होकर इसे कामयाब बनाएं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश मिश्र एवं महामंत्री अतुल मिश्रा , चेयरमैन संघर्ष समिति व डी पी ए के अध्यक्ष संदीप बडोला महामंत्री उमेश मिश्रा ,प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव, उपाध्यक्ष व बेसिक हेल्थ वर्कर एसो के अध्यक्ष धनंजय तिवारी, X ray टेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष कुशवाहा, महामंत्री दिलीप कुमार यादव, वन विभाग फेडरेशन के महासचिव आशीष पांडेय , वन मिनिस्टिरियल संघ के अध्यक्ष राम नरेश यादव ,फार्मेसिस्ट फेडरेशन के महामंत्री अशोक कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट संघ के अध्यक्ष जी एम सिंह, महामंत्री अनुराग मिश्र, प्रयोगशाला सहायक संघ के महामंत्री बी के सिंह ,राजकीय इण्टर कॉलेज शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गौतम ,गन्ना मिनिस्टिरियल संघ के महामंत्री अभय पांडेय,ट्यूबवेल टेकनिकल एसो के अध्यक्ष प्रदीप त्यागी ,सिचाई संघ के महामंत्री अवधेश मिश्रा ,यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष आदेश, संविदा फार्मेसिस्ट संघ के अध्यक्ष प्रवीण यादव, उपमहामंत्री पूर्वी आनंद मिश्र, सिचाई राजस्व अधिकारी संघ के महामंत्री नीरज चतुर्वेदी ,संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय , प्रोवेंशियल फिजियोथेरेपिस्ट एसो के महामंत्री अनिल कुमार ,समाज कल्याण मिनिस्टिरियल एसो के महामंत्री अनुज श्रीवास्तव सहित प्रदेश के मंडलीय अध्यक्ष ,मंत्री जिला अध्यक्ष मंत्री आदि ने अपने विचार रखे ।

## फार्मेसी एक्ट 1948 को रिव्यू करने के लिए कमेटी में सुझाव भेजने की अपील –सुनील यादव



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। फार्मेसी अधिनियम, 1948, फार्मेसी शिक्षा की समीक्षा करने और पीसीआई के पुनर्गठन के लिए सिफारिशें करने के लिए भारत सरकार द्वारा एक 15 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है।जम्मू कश्मीर एम्स के अध्यक्ष डा. वाई के गुप्ता समिति के चेयरमैन हैं । यह फार्मेसी संवर्ग के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दा है। उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन एवं फार्मेसी फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने देश के सभी फार्मा वैज्ञानिकों, प्रोफेसर एवं क्लीनिकल हॉस्पिटल आदि क्षेत्रों के फार्मेसी बौद्धिक जनों से अपील करते हुए कहां है कि 75 वर्ष के बाद फार्मेसी एक्ट में बदलाव हेतु कमेटी गठित की गई है, फार्मेसी शिक्षा में अनेक बदलाव की आवश्यकता है फार्मेसी शिक्षा एवं फार्मेसी के स्तर को अंतर्राष्ट्रीय लेवल का बनाने, फार्मेसी शिक्षा को और रोजगारपरक तथा जनता के लिए लाभदायक बनाने के लिए यह एक्सपर्ट कमेटी बनाया जाना भारत की फार्मेसी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए फार्मेसी के सभी लोगों को फार्मेसी शिक्षा, फार्मेसी एक्ट में बदलाव के लिए अपने सुझाव तुरंत भेजेने चाहिए । उन्होंने बताया कि भारत के अत्यंत वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं प्रोफेसरों की एक कमेटी बनाई जा रही है जो एक्सपर्ट कमेटी को अपना प्रत्यावेदन सौंपेगी । सभी फार्मा पेशेवरों से बहुमूल्य सुझाव ईमेल पर आमंत्रित किए गए हैं ।

## नगर निकाय निर्वाचन की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न



जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के द्वारा नगर निकाय निर्वाचन की तैयारियों को लेकर प्रभारी अधिकारियो, उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान एवं मतगणना स्थल का भ्रमण कर सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ले। दोनों आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए बुथों की संवेदनशीलता का विश्लेषण अनिवार्य रूप से कर ले। उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, कार्मिकों की ड्यूटी तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि क्षेत्राधिकारी फोर्स के रुकने वाली जगह का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें। अपने–अपने क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों को चिन्हित करते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि आबकारी विभाग के साथ शराब की दुकानों का निरीक्षण करें, किसी भी दशा में अवैध शराब बिकने न पाए, इसके संबंध में ढाबों और शराब की दुकान के आसपास की जगहों पर निगरानी की जाए। हिस्ट्रीशीटर की निगरानी की जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयवर चौहान, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना रॉय उपस्थित रही।

## लक्ष्य प्राप्ति हेतु करनी पड़ती है कड़ी मेहनत –राकेश राठौर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मोदी राठौर युवा सेना के तत्वाधान मे तेली, साहू, राठौर एकता सम्मेलन का आयोजन बस स्टैंड के निकट रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित एक मैरिज लान मे प्रदेश शासन मे नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर "गुरू के मुख्य अतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुयी जिसमे नगर तथा आस पास के क्षेत्रो से भारी तादाद मे आये साहू–राठौर समाज के लोगो ने प्रति भाग किया। कार्यक्रम मे साहू–राठौर, मोदी समाज के अनेक वक्ताओ मे इस बात को लेकर काफी छटपटाहट देखने को मिली कि देश तथा प्रदेश मे उनके समाज की भारी जनसंख्या होने के बाबजूद उनके समाज की राजनीतिक भागीदारी लगभग नग्नय है। वक्ताओ ने नगर विकास राज्य मंत्री से इस दिशा मे सार्थक पहल करने का अनुरोध भी किया। सभा को संबोधित करते हुये नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने आयोजको को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि संगठित रहकर कार्य करने से हमेशा सार्थक परिणाम निकलते है किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कडी मेहनत और समर्पण अति आवश्यक है। उन्होने उदाहरण देते हुये कहा कि वह एक अत्यंत साधारण स्कूटर मैकेनिक का कार्य करते थे लेकिन पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण आज उन्हे इस मुकाम पर ले आया है जिसकी उन्होने कल्पना तक नही की थी।



अपनी बात को बल देते हुये उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी के प्रति कठिन तपस्या तथा आमजनमानस के कल्याण के लिए उनके द्वारा लिए गये साहसिक निर्णय और निःस्वार्थ कार्यशैली ने आज उन्हे भारत ही नही बल्कि पूरे विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बना दिया है। कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष गंगाराम राठौर, मोदी राठौर युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन राठौर, (मो.रा .यु .से ) के जिलाध्यक्ष अनिल राठौर, पूर्व चेयरमैन अभिलाख सिंह राठौर, डा हरिश्चंद्र राठौर, कुंवर पाल सिंह राठौर, महावीर सिंह राठौर, रोहित राठौर, दीपकमल राठौर, रोहित राठौर, मेवाराम राठौर आदि तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम से पूर्व मोदी राठौर युवा सेना के पदाधिकारियो ने नगर विकास राज्य मंत्री का माल्यार्पण तथा पगडी आदि पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## प्रशासन ने चलाया आचार संहिता का डंडा : सोमवार तड़के उतारे गए नेताओं के होर्डिंग्स–पोस्टर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही सोमवार की सुबह सड़कों पर आचार संहिता का डंडा चलने लगा। सूर्य की किरणें निकलने के साथ नगर पालिका परिषद की टीम व पुलिस बल की टीमें निकल पड़ीं। इस दौरान दीवारों, खंभों पर लगे भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं, संभावित उम्मीदवारों को बैनर पोस्टर उतरवाए जाने लगे। कई स्थानों पर लगे होर्डिंग भी हटवा दिए गए। चुनावी माहौल बनाने के लिए लगाए गए पोस्टर –बैनर लगातार हटाये जाते रहे। नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रशासन आदर्श आचार संहिता का पालन कराने में जुट गया है। चुनाव आयोग की गाइड लाइन का पालन कराने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं टिकट के लिए परिक्रमा शुरू, प्रचार सामग्री तैयार करने का काम तेज अधिसूचना जारी होने के साथ ही भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस में जिताऊ उम्मीदवार के नाम पर मंथन भी शुरू हो गया।



साथ ही नेताओं ने लखनऊ की परिक्रमा भी शुरू कर दी। कई नेता टिकट पक्का कराने के लिए बड़े नेताओं से संपर्क साधने में जुट गए हैं। उधर, प्रिंटिंग प्रेस में चुनाव प्रचार सामग्री छापने का काम भी तेज हो गया। पोस्टर–बैनर बनाने के लिए आर्डर भी दिए जाने लगे हैं।

## भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त को संसद मार्ग थाने में किया गया था गिरफ्तार : हुआ भव्य कार्यक्रम –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। राष्ट्रीय सैनिक संस्था नई दिल्ली पुलिस और भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के सौजन्य से संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में ऐतिहासिक कार्यक्रम तीसरी बार किया गया। अध्यक्षता आध्यात्मिक गुरु प्रोफेसर पवन सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि शहीद सुखदेव जी के प्रोत्र अनुज थापर और पदमश्री जितेंद्र सिंह शंटी रहे। कार्यक्रम के मार्गदर्शक राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी संसद मार्ग पुलिस स्टेशन के एसीपी अजय कुमार गुप्ता एसएचओअतर सिंह यादव आंध्र प्रदेश सरकार के सलाहकार राजन छिब्बर , वेद प्रकाश , विजय , विशेष आमंत्रितगण मुफ्ती शमून काजमी भाजपा के पार्षद राजू सचदेवा ,प्रसिद्ध समाज सेवक सुभाष गोयल , सरदार कुलदीप सिंह भोगल जी ,योग गुरु स्वामी अमित देव , अभीवक्त मधुसूदन बयाना ,बहन सीमा सेहगल जी, रेखा उदित , डिसएबल पर्सनैलिटी एमी चौहान जी, डिसएबल योगा चौंपियन तेजस्वी शर्मा , स्वामी सीताराम , आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा ने आध्यात्मिक ज्ञान के साथ–साथ क्रांतिकारी वीरों का ज्ञान भी दीया एसीपी अजय कुमार गुप्ता ने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रम संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में हमारे माध्यम से करते रहेंगे कर्नल त्यागी जी ने भी राष्ट्रीय सैनिक संस्था के माध्यम से एक ही सभी से वादा लिया की आपसी वार्तालाप में जय हिंद का ही प्रयोग करें इसे बोलने से पूरी एनर्जी आती है और सामने वाला भी हिल जाता है कार्यक्रम में सभी राष्ट्र भक्तों ने खूब रंग जमाया जादूगर आवाज की जादूगरनी साक्षी कुमारी, प्रसिद्ध कवियत्री विभा ,निधि मानवी, करिश्मा,गीतकार सुरेंद्र पुष्करना , दीपक ,बृजेश कुमार सुभाष राय, संदीप ने भी अपना राष्ट्र भक्ति का जज्बा दिखाया आकर्षण का केंद्र रहे अंतरराष्ट्रीय जादूगर जगजीत सिंह बब्बर ,इंदौर से आए राहुल इंकलाब, मैनपुरी से राज त्रिपाठी, शाहजहांपुर से मोनिस भगत, लुधियाना से आए अपनी पूरी टीम के साथ रमेश अग्रवाल ,कार्यक्रम के सूत्रधार राजीव जोली खोसला ने बताया कि 8 अप्रैल1929 की तारीख भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण है. आज ही के दिन भारतीय क्रांतिकारियों भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दुनिया के दिखा दिया था कि क्रांतिकारी देश के हिंसक अपराधी नहीं बल्कि बहरी ब्रिटिश हुकूमत को जगाने वाले आजादी के



दीवाने थे दोनों क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी हुकूमत को ही हिलाकर नहीं रख दिया था बल्कि हजारों युवाओं में आजादी की अलख भी जगा दी थी। नहीं की भागने की कोशिश इस कवायद की खास बात यह थी कि भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने एक नहीं दो बम फेंके थे लेकिन उन्होंने इस बात का खास ख्याल रखा कि कोई भी हताहत ना हो और ऐसा हुआ भी. बम फेंकने के बाद दोनों ने वहां से फरार होने की बिलकुल कोशिश नहीं की और वहां असेंबली में पर्चे फेंक कर लागातार आजादी के नारे लगाते रहे और अपनी गिरफ्तारी दी. अंतरराष्ट्रीय मॉडल हितेश शर्मा ने भी क्रांतिकारी वीरों पर सोलो एक्ट किया पूरे संसद मार्ग थाने में राष्ट्र भक्तों द्वारा इंकलाब जिंदाबाद, जब तक सूरज चांद रहेगा क्रांतिकारियों का नाम रहेगा गूंजता रहा कार्यक्रम के अन्य सहयोगी संस्थाएं रिटर्न टू नेचर ट्रस्ट, सुखमणि सेवा ट्रस्ट, समर्पण वेलफेयर एसोसिएशन, शिक्षा अभियान ,रानी लक्ष्मीबाई वेलफेयर ब्रिगेड ट्रस्ट, दर्शना फाउंडेशन, अवंतिका शर्मा और संदीप गुड़ियाल की ओर से आए हुए बच्चों को स्कूल बैग और कॉपी पेंसिल से सम्मानित किया गया व आए हुए आए हुए राष्ट्र भक्तों को 14 क्रांतिकारी वीरों की तस्वीर की घड़ी सामान्य दी गई और भारत माता का चित्र जिसे देखकर एसीपी ने खूब सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित जय हिंद मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा जी ने आश्वासन दिया कि बीके दत्त कॉलोनी वाले कार्यालय में आप को क्रांतिकारी वीरों के कार्यक्रम के लिए दिया जाता है ,इरशाद कुरैशी , एजे राजन, ज्योतिषाचार्य महेश जैन, छायाकार प्रेम सिंह, स्वर्ण सिंह यादव, प्रथम महिला ऑटो चालक सुनीता चौधरी ,सर्व धर्म को एक करने वाले हरविंदर सिंह , सुखविंदर सिंह सिद्धू , गृह मंत्रालय से आशीर्वाद देने आई बहन चित्रलेखा ,अर्चना झा दर्शना फाउंडेशन से आई सैकड़ों मातृशक्ति ने भी अपना राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया राष्ट्रीय सैनिक संस्था दिल्ली के संयोजक वेद प्रकाश ने कार्यक्रम में आए हुए सभी राष्ट्रभक्तों का स्वागत किया और संस्था की ओर से जलपान भी करवाया गया।

## उड़ाका दल की टीम ने ली परीक्षार्थियों की तलाशी : नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय संकल्पित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाये चल रही है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने परीक्षाएं शुचितापूर्ण व कड़ाई के साथ कराने के निर्देश दिए है। परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान बनाए गए केंद्र पर शनिवार को उड़ाका दल ने कई बार औचक निरीक्षण किया । उड़ाका दल के सदस्य प्रो. अजय द्विवेदी और डॉ. मनीष कुमार गुप्ता की टीम ने प्रत्येक परीक्षा कक्षा में जाकर छात्रों की गहन जांच पड़ताल की। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो देवराज सिंह, केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार, सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ नीरज अवस्थी, डॉ शशिकांत, डॉ विनय वर्मा उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार को दोनों पालियों में कुल 754 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए । इसमें रज्जू भैया संस्थान, विज्ञान संकाय, प्रबंध संकाय,



फार्मेसी, मास काम, एप्लाइड साइकोलॉजी के छात्रों ने दोनों पालियों में परीक्षा दी। विद्यार्थियों को रज्जू भैया गेट के पास तलाशी लेने के बाद अंदर आने की अनुमति मिलती है। इसके बाद परिसर में बनायी गयी उड़ाकादल की टीम कई बार राउंड लगाती है। इसके चलते नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है। पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हो रही है।

## योग आज संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रमुख अंग बन चुका है –डॉ. ध्रुवराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला अपराध निरोधक थाना कमेटी सराय ख्वाजा के सोजन्य से प्राथमिक विद्यालय परसनी वि.ख. करंजाकला जौनपुर में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर द्वारा अपराध नियत्रंण जागरूकता शिविर का शुभारंभ थाना कमेटी के अध्यक्ष राज बली यादव व खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया।इस अवसर पर योग गुरु डॉ ध्रुवराज ने कहा कि वर्तमान यात्रिक व भौतिक वादि युग में मोबाईल, टी. वी., फ्रिज, कंप्यूटर, सेल फोन, टेलीफोन और एंड्राइड मोबाइल ने भले ही हमारे जिंदगी को आसान बना दिया है! लेकिन इनके अंधाधुंध प्रयोग से शरीर में विभिन्न प्रकार के रोग उत्पन्न हो रहा है! हमारे पर्यावरण में सर्वत्र विषैली गैस व हानिकारक किरणों व्याप्त हैं। यह जीवन की सुख शांति को अपने आगोश में लेने के लिए आतुर है।ऐसे में मानवता सहज नहीं रह पाएगी इसे बचाना ही होगा।वर्तमान में इसे बचाने के लिए एकमात्र साधन जो सुलभ है– वह एक मात्र योग है! यही हमारा धरोहर है! योग में अपराध की भुमिका को बताते हुए कहा कि बच्चों को बचपन से ही शिक्षा से जोड़ना बहुत आवश्यक है।बच्चों को बचपन से योग से जोड़ कर उनमे मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः, आचार्य देवो भवः की परम्परा विकसित कर सकते हैं।योग



गुरु के द्वारा कार्य क्रम में उपस्थिति थाना कमेटी के पदधिकारियो, सदस्यों, बच्चो, ग्रामवासियों व क्षेत्र वासियों को भत्रिका, कपालभाति, वाह्य प्राणायाम, अग्नि सार क्रिया, उज्जायी प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी, ओम् का उच्चारण कराया गया।खण्ड शिक्षा–शिकारी सतीश सिंह ने कहा कि योग आज के भौतिक वादि युग में निःशूल्क चिकित्सा का वरदान है इसलिए सभी भाईयों लोगों को योगाभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ अजय सिंह, राज बली यादव, विनित योगी, प्रमोद मिश्रा, राम अनुज पाल, जिया लाल यादव, धर्मेन्द्र कुमार, श्याम पति यादव, आर. पी. अस्थाना, तथा समस्त ग्रामवासी व क्षेत्र वासी उपस्थित रहे! जिला अपराध निरोधक थाना कमेटी सराय ख्वाजा के अध्यक्ष ने लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रोजा इफ्तार में बही एकता की बयार : अमन व शांति का दिया पैगाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के बेगमगंज में स्थित मदरसा जामिया इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम में शिया धर्मगुरु मौलाना सफदर हुसैन जैदी द्वारा 17 रमजान को रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जहां सभी मजहब व मिल्लत के लोगों ने एक साथ रोजा इफ्तार करके एकता की डोर को मजबूत किया। रोजा इफ्तार से पहले मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना काजिम मेंहदी उरूज ने कहा कि पैगम्बर– ए–इस्लाम का संदेश अमन व शांति का संदेश है। उन्होंने कहा कि माह ए रमजान बरकतों वाला महीना है और इस माह में रोजा रखने से भूखे–प्यासे इंसानों की भूख और प्यास का अहसास होता है। शिया धर्मगुरू मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने कहा कि माह ए रमजान में नेकियों का सवाब बढ़ जाता है और रोजा हमदर्दी का पाठ पढ़ाता है। इस महीने में अपने गुनाहों की तौबा करें और साथ ही गरीब और मजलूम लोगों की मदद करें इससे खुदा प्रसन्न होता है। इसके बाद देश व कौम की तरक्की,कामयाबी और आपसी भाईचारे के लिये दुआ माँगी गयी। इस अवसर पर मौलाना शाजान जैदी ,सांसद श्याम



सिंह यादव ,दिनेश टंडन पूर्व अध्यक्ष ,बसपा नेता सलीम खान , मिर्जा जावेद सुलतान , पूनम मौर्या ,सभासद गप्पु मौर्या , सदफ हैदर , अलमास सिद्दीकी , अबूजर शेख ,निखिलेश सिंह,कमाल आजमी,माजिद खान,मेराज अहमद राईन,हसनैन कमर दीपू, फाजिल सिद्दीकी , सैय्यद हसन मेंहदी ,आदिल खान,मोहम्मद उस्मान , अकबर हुसैन जैदी एडवोकेट समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। अन्त में पत्रकार आरिफ हुसैनी ने सभी का शुक्रिया अदा किया ।

## राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने नगर निकाय विधुतीकरण योजना अंतर्गत विधुतीकरण कार्य का पूजन कर किया शुभारंभ

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : रविवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव जी ने नगर निकाय विधुतीकरण योजना के अंतर्गत भगौतीपुर देवचन्दपुर ग्राम विधुतीकरण कार्य पूजन करके शुभारंभ किया । नगर निकाय विधुतीकरण के अंतगत विधुतीकरण के लिए 1.75 ( एक करोड़ पचहत्तर लाख ) रूपये की धनराशि आवंटित की गई हैं । राज्यमंत्री के मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निकाय विधुतीकरण योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के जो नए वार्ड बढे है जहा कुछ पूरवो में लोग बॉस , बल्ली के सहारे लाईन कनेक्शन लिए है वहाँ विधुत पोल व तार लगाए जाएंगे । इशी तरह पूरे नगर क्षेत्र मे जहां भी पोल व तार की आवश्यकता है लगाए जाएंगे । इस अवसर पर अजय सिंह , जय सिंह , धर्मपाल कन्नौजिया , मनीष श्रीवास्तव ,अधिशाषी




अभियंता, उपखण्ड अधिकारी अवर अभियंता एवम् विभागीय कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## डा0 सैमुअल हैनिमैन का धूमधाम से मनाया गया 268 वाँ जन्म दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : होमियोपैथिक डीलर्स एसोसिएशन, जौनपुर के तत्वाधान में आज होमियोपैथिक के जनक डा0 सैमुअल हैनिमैन का 268 वाँ जन्म दिवस शाश्वत उत्सव वाटिका में भव्य रूप से मनाया गया




जिसका दीप प्रज्जवलित करके डा0 नीरज वर्मा वाराणसी मण्डल की मुख्य चिकित्सा अधिक्षक ने उद्घाटन किया। जिसमें होमियोपैथिक के बहुत से कम्पनी ने अपना स्टाल लगाकर अनेक प्रकार की नई–नई दवाओं के बारे में जानकारियाँ दी। विशिष्ट अतिथि सुल्तानपुर की जिला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डा० फरहाना सागीर ने होमियोपैथिक दवाओं की विशेषताओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जौनपुर जिला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डा० तुलसी दास ने की एसोसिएशन के अध्यक्ष डा० रविप्रकाश श्रीवास्तव, महासचिव डा0 मनीष गुप्ता सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, उपाध्यक्ष डा० सुमित सिंह, अंजनि कुमार, धीरज मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, विवेक, विनोद प्रकाश, डा० शशिप्रकाश श्रीवास्तव, मनोज विश्वकर्मा, उमंग श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

## वास्तविक सुख पाने के लिए प्रभु की भक्ति सबसे सरल व उत्तम मार्ग –शास्त्री रामकृपाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है । जिसमें भारी संख्या में लोग भागवत कथा का श्रवन पान कर रहे हैं। प्रभु की भक्ति में सभी श्रोता गढ़ भाव विभोर हो गए। भागवत कथा का आयोजन भकुरा गांव में अमित कुमार सिंह के आवासीय परिसर मे शुरू हुआ है। जिसमें प्रतापगढ़ आश्रम से आए शास्त्री रामकृपाल तिवारी कथा वाचन कर रहे हैं। भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को शास्त्री पं. रामकृपाल तिवारी ने भक्तों को बताते हुए कहा कि भागवत कथा जीवन के सभी राहों का मार्गदर्शन करती है और मनुष्य के सभी कार्यो को भी पूरा करते हैं। यह जीवन की मोक्ष दायिनी भी कहीं जाती उन्होंने संगीतमय भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए जीवन के मूल्य का मार्गदर्शन किया और कृष्ण राधा के प्रेम लीला को वाचन भी किया ।उन्होंने कहा राम और कृष्ण अपने जीवन के माध्यम से जीवन लक्ष्यों व कर्तव्यो को पूर्ण कराने का सही राह दिखाया । धन दौलत मोक्ष नहीं दिलाते सिर्फ भौतिक सुख प्राप्त कर सकते हैं। जीवन का वास्तविक सुख पाने के लिए प्रभु की भक्ति सबसे सरल व उत्तम मार्ग है। उन्होंने हर युग में भगवान के अवतार का कारण भी भागवत कथा में सुनाया और कहा मन की शांति के लिए भी इन्हीं राहों से गुजरना पड़ता है ।भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहां गया कृष्ण अवतार जीवन के कर्तव्यों का बोध कराता है। उन्होंने भागवत कथा में कृष्ण लीला के विस्तार से श्रवण कराया। संचालन आचार्य पं. सुनील तिवारी व आयोजन इन्द्रप्रकाश सिंह ने किया।इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीशचंद यादव, पूर्व विधायक डॉ हरेंद्र प्रताप सिंह, सिरकोनी प्रमुख बंसराज सिंह ,श्रीप्रकाश सिंह, डॉ पंचम राजभर, संतोष सिंह, मनोज सिंह,राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

## तमाम चुनौतियों के बावजूद पत्रकार निभा रहे जिम्मेदारी –जितेन्द्र बच्चन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : साहित्य, कला एवं संस्कृति के लिए समर्पित अखिल भारतीय स्वयं सेवी संस्था 'सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट' द्वारा हिंदी भवन में कई साहित्यकारों और पत्रकारों को सम्मानित कर वार्षिकोत्सव मनाया गया। संस्थापक एवं साहित्यकार रवींद्र सिंह एवं राष्ट्रीय



अध्यक्ष ममता सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन को 'लाइफ टाइम अचीवमेण्ट अवॉर्ड' से नवाजा। इसके लिए बच्चन ने उनका आभार प्रकट करते हुए कहा कि पत्रकारों के सामने आज कई बड़ी चुनौतियां हैं, इसके बावजूद वह अपनी जिम्मेदारी बाखूबी निभा रहे हैं। आईटीओ स्थित हिंदी भवन में आज रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में बच्चन ने कहा कि सरकार जहां पत्रकारों से सामाजिक, सकारात्मक एवं राष्ट्रवादी विचारधारा की उम्मीद करती है, वहीं पत्रकारों की समस्याओं पर वह सहज नहीं दिखती। जबकि पत्रकार हमेशा समाज और सरकार के लिए एक आइना का काम करता है और हर माध्यम से कहीं ज्यादा वह ईमानदार, निष्पक्ष और विश्वसनीय है। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी एवं कई पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार एवं छत्तीसगढ़ से आए कई अन्य साहित्याकारों एवं पत्रकारों को सम्मानित किया गया और उन्होंने अपने विचार भी साझा किए।

## ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा झंडा रोहण का हुआ कार्यक्रम : बी0के0 बहनों ने किया झण्डा रोहण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर के जीतापट्टी मरदानपुर मुहल्ले में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था के भाई– बहनों की उपस्थिति में उक्त मुहल्ले की निवासिनी बी0के0 महा लक्ष्मी बहन के आवास पर झंडा रोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रुहठा में संचालित संस्था की संचालिका बी0के0 मंजू बहन, बी0के0 मीरा बहन, बी0के0जय केशरी बहन के कर कमलों द्वारा झण्डा रोहण किया गया। इसके तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर ब्रह्माबाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आरंभ किया गया, वही कार्यक्रम का संचालन सन्तोष भाई ने किया, कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शिव सन्देश दिया गया और संस्था के उद्दश्यों के बारे में सभी को बताया गया। इस कार्यक्रम में बी0के0 दुर्गावती बहन, निर्मला, किरन, संगीता, कमला, भाई, अनिता, एकता, आनंद, इंद्रावती, अन्विशा सिंह, अवदीप सिंह, विमला, गिरजा, मंजू, ओम प्रकाश भाई, जय जय त्रिपाठी, रूपेश वर्मा, नीतू वर्मा, शुभ वर्मा, दिव्य वर्मा, देव नारायण,उमाशंकर, सीताराम, सुभाष, संदीप पत्रकार, विजय, शंकर, दयाराम, प्रकाश, रामशिरोमणि, सर्वेश भाई संस्था से जुड़े लगभग सैकड़ो से अधिक की संख्या में लोग उपस्थित रहे वही मुहल्ले की महिलाएं, पुरुष, आदि उपस्थित होकर शिव भगवान व आत्मा– परमात्मा का परिचय प्राप्त किया।

## पार्टी का हर बूथ अध्यक्ष सबसे बड़ा सिपाही है –डॉ नागेंद्र पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल एस पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक सर्किट हाउस आयोजित हुई। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद डा.नगेंद्र पटेल का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय महासचिव ने जौनपुर की लोकसभा सीट 73 एवं मछली शहर लोकसभा सीट 74 की सांगठनिक समीक्षा एवं बूथ गठन हेतु उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का हर बूथ अध्यक्ष सबसे बड़ा सिपाही है ।यही पार्टी की रीढ़ होते हैं जिनकी बदौलत पूरी पार्टी का ढांचा खड़ा है और इन्हीं की मजबूती पार्टी की मजबूती होती है। संगठन को मजबूती प्रदान करने में इनकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है । उन्होंने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की बढ़ती लोकप्रियता का कारण उनका हर जाति, धर्म ,मजहब के कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और कद्र की भावना है।चलाए गए सदस्यता अभियान में हर पार्टियों, जाति –धर्म के लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूरे देश में केंद्रीय मंत्री आज एक लोकप्रिय और विश्वसनीय जन नेत्री के रूप में अपनी छवि पूरे देश में स्थापित कर चुकी हैं। महासचिव ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ही पूरे देश की एकमात्र सांसद हैं जो देशहित,पिछड़े और उपेक्षित वर्ग की आवाज को सदन में उठाने का काम करती हैं।आम जनमानस के अधिकारों और हितों के मुद्दों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ने में सक्षम हैं जिसे पूरा देश जानता है। राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी पार्टी निकाय चुनाव में एनडीए गठबंधन के तहत प्रदेश में कुछ चिन्हित सीटों पर अपने उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतारेगी।



त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव की तरह निकाय चुनाव में भी पार्टी का शानदार प्रदर्शन रहेगा । विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक मंच के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह पटेल ने कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के साथ पार्टी के संस्थापक डॉ.सोनेलाल पटेल के कमेरा समाज के उत्थान के सपनों को पार्टी साकार कर रही है।अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिव नायक पटेल ने कहा कि गठबंधन की सीटों पर अधिक से अधिक सीट गठबंधन के खाते में जाएगी।संचालन जिला महासचिव हरिहर पटेल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव गोकर्ण पटेल ,लाल प्रताप पाल, अनिल जायसवाल, कृपा शंकर पटेल, संदीप पटेल ,राजेश सोनकर, महेश मौर्या ,मंजू श्री गौतम ,कृष्णा सिंह, हरिराम वर्मा, राज नारायण पटेल, आदि लोग मौजूद रहे।

## फर्जी चेक पर फर्जी हस्ताक्षर से ठगों ने निकाल लिया साढ़े सात लाख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर थाना अंतर्गत कस्बा में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा बदलापुर से विभिन्न तिथियों में फर्जी चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर ठगों ने ग्राम ढेमा निवासी जावेद के खाते से सात लाख इक्कासी हजार सात सौ रुपया चार चेक के माध्यम से चार तिथियों में निकाल लिया । पीड़ित इस बात को लेकर हलकान है। ठगी का हुए शिकार पीड़ित ने इस संबंध में शाखा प्रबंधक तथा बदलापुर के प्रभारी निरीक्षक को कार्यवाही करने के लिए शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित को घटना के बारे में तब पता लगा जब वह 6 अप्रैल को खाते से पैसा निकालने के लिए बैंक आया था। जावेद के खाते में 923000 रुपया मौजूद था। पैसा निकालने के दौरान जब उसने खाता का परीक्षण कराया तो खाते में मात्र 143000 रुपया ही बचा था। यह देखते ही पीड़ित का होश फाख्ता हो गया। उसने जब खाते का डिटेल निकलवाया तो पता चला कि उसके खाते से चेक संख्या 11 से 8 मार्च को 198400 रमेश कुमार ने निकाला है। 13 मार्च को चेक संख्या 13 से राजेश कुमार द्वारा 198500 रुपया निकाला गया है। 15 मार्च को चेक संख्या 12 से पंकज कुमार ने 196400 रुपया निकाला है। इसी क्रम में 17 मार्च को चेक संख्या 14 से पंकज कुमार ने ही 188400 रुपया निकाला है। पीड़ित के खाते से कुल 781700 रुपया फर्जी चेक फर्जी हस्ताक्षर से निकाल लिया गया है। गौरतलब है कि जिन चेक के माध्यम से विभिन्न तिथियों में पैसा निकाला गया है वह चेक आज भी पीड़ित के पास मौजूद है। बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा बदलापुर के प्रबंधक को इस संदर्भ में जानकारी करने के लिए उनके मोबाइल पर कई बार संपर्क किया गया लेकिन उनका मोबाइल उठा नहीं। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर दिया है प्रकरण की जांच पड़ताल की जा रही है।

## खुटहन थाना अंतर्गत पुलिस ने एक वारंटी किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना अंतर्गत पुलिस ने 1 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 1 अवैध चाकू बरामद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के नेतृत्व में खुटहन थानाध्यक्ष राजेश यादव मय हमराही कर्मचारी गण की सहायता से चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान वारन्टी/अभियुक्त मनीष तिवारी पुत्र स्व0 अजय तिवारी ग्राम कोकना (पिलकिछा) थाना खुटहन जनपद जौनपुर को दिनांक 09.04. 2023 को वियसिया तिराहा पिलकिछा थाना खुटहन जौनपुर के पास से एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–77/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1– मनीष तिवारी पुत्र स्व0 अजय तिवारी ग्राम कोकना (पिलकिछा) थाना खुटहन जौनपुर।आपराधिक इतिहास 1–मु0अ0सं0 77/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–125/2020 धारा 302/323/504 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–103/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम थाना खुटहन जौनपुर। 4–मु0अ0सं0–270/17 धारा 307 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 5–मु0अ0सं0–104/18 धारा 323/504/506 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 6–मु0अ0सं0–260/14 धारा 363/366 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 7–एनसीआर नं0–310/18 धारा 323/504 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 8–एनसीआर नं0–250/ 15 धारा 323/504 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 9–एनसीआर नं0–15/16 धारा 323/504 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 10–एनसीआर नं0–174/16 धारा 323/504 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 11–एनसीआर नं0– 127/2020 धारा 323/504 भादवि थाना खुटहन जौनपुर।

## पेंशनर्स की बैठक में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की सरकार से मांग

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा जौनपुर की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर भवन में आयोजित की गयी । बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत कैशलेस चिकित्सा कार्ड से इनडोर चिकित्सा व्यवस्था से अवगत कराते हुए, सभी साथियों को जनपद के नीजी चिकित्सालयों की सूचना दी गई, एवं आवश्यकतानुसार चिकित्सा सुविधा लेने का सुझाव दिया गया इसके साथ किसी तरह की कठिनाई होने पर संगठन को अवगत कराने की अपील की गई। अध्यक्ष ने संगठन में अधिक से अधिक साथियों को जोड़ने का सभी सभी साथियों से अपील किया। बैठक को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने सरकार से पूरानी पेंशन योजना लागू करने के साथ ही पेंशनर्स की समस्याओं को शीघ्र निराकरण की मांग किया। अपने संबोधन में कृपाशंकर उपाध्याय ने सभी साथियों से अपनी समस्या को रखने का सुझाव दिया गया। जिला मंत्री राजबली यादव ने सभी साथियों को जोड़ने का संकल्प लिया। श्याम बिहारी सिंह पूर्व अध्यक्ष ने कोरोना की आड़ में पेंशनर्स के अठारह माह के रोकें महंगाई राहत के तत्काल भुगतान की मांग




की गयी। बैठक को मुख्य रूप से सर्वश्री उमानाथ सिंह,के के त्रिपाठी, नन्दलाल मंजूरानी राय, विमला देवी शम्भनाथ यादव, कंचन सिंह, बसन्त लाल प्रजापति,आर ए रजक, राम जीत यादव डॉक्टर भारत यादव, सुक्खू राम,अजीज उल्लाह,रमेश, प्रमोद कुमार,ईसाफारूकी, हीरा लाल आजाद, पदकधारी,एस यन , मिथिलेश कुमार जायसवाल, मिठाई लाल राजेन्द्र कुमार,कलीम उल्लाह, गजराज मौर्य, रमाशंकर निषाद आदि ने संबोधित किया। बैठक के अन्त में अध्यक्ष ने सभी साथियों को धन्यवाद देते हुए समाप्त किया। बैठक का संचालन राम अवध लाल ने किया।

# राम मंदिर निर्माण कार्य करा रहे मोदी व योगी उनके सपनों को कर रहे साकार — एक नाथ शिंदे

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाला साहब ठाकरे का सपना पूरा कर रहे हैं।राम मंदिर निर्माण का सपना बाला साहब ठाकरे का एक सपना था,जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य कर पूरा करने में जुटे हैं। यह बातें रविवार को एक होटल में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।उन्होंने कहा कि अयोध्या और राम मंदिर हमारी आस्था का विषय है।यह हमारी भावनाओं से जुड़ी है श्रद्धा और अस्मिता भी है।राम नगरी के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या हमारे लिए आत्मीयता का विषय है।काफी वर्षों से इंतजार कर रहे लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। उन्होंने बताया कि 500 साल का इंतजार करने के बाद जो एक सपना लग रहा था हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे का सपना था हिंदू विचारधारा संगठन का सपना था राम मंदिर हिंदू आस्था का प्रतीक है अस्मिता का प्रतीक है।अयोध्या पहुंचकर मंदिर निर्माण भी देखा इतनी तेजी से काम होगा कोई सोच भी नहीं सकता था।आज राम मंदिर पूरा होने जा रहा है।यह सपना लग रहा था लेकिन तमाम राम भक्तों की आशा सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह काम शुरू हुआ और आगे बढ़ रहा है।जनवरी 2024 में मूर्ति स्थापना भी होगी इसके आगे भी काम चलता रहेगा।राम मंदिर परिसर में एक अनुभव मिला राम मंदिर का निर्माण आगे बढ़ रहा है। यह हमारे लिए और ज्यादा खुशी की बात है इस दौरान का दौरा राम मंदिर का निर्माण के समय हो रहा है।राम मंदिर का निर्माण कार्य मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उनका सहयोग कर रहे हैं उनकी निगरानी में मंदिर का निर्माण हो रहा है। हमें धनुष बाण भी मिला है पार्टी का नाम भी मिला है। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार में प्रभु रामचंद्र जी का राम लला का आशीर्वाद लेने पहुंचा हूं।सभी मेरे साथी मंत्री गण विधायक गण सांसद गण मौजूद है। आज का दिन मेरे जीवन में सबसे बड़ा सौभाग्य का दिन है आज का दर्शन आज की यात्रा है।मैं कभी जिंदगी में भूल नहीं पाऊंगा इससे पहले भी मैं आता था।नियोजन करने आता था।लेकिन आज मेरे कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा का नियोजन किया है और यात्रा का नियोजन बहुत ही शानदार किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की पूरी सरकार अयोध्या में आई है हमारे डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी आए थे।संतु मानतो का आशीर्वाद भी लूंगा।कई लोगों को इस से एलर्जी भी हुई है और दर्द भी हुआ है।शिवसेना और भाजपा के लिए अयोध्या कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है।यह हमारे लिए आस्था का विषय है।यहां पर विकास के कार्य हो रहे हैं योगी जी को भी धन्यवाद दूंगा उनके मंत्रियों को भी धन्यवाद दूंगा देवेंद्र फडणवीस भी समय निकालकर अध्याय मैं उनको भी धन्यवाद दूंगा राम मंदिर बनने के बाद लोगों को रोजी–रोटी भी मिलेगी हमारी अयोध्या यात्रा



आनंद देने वाली यात्रा है लेकिन कुछ लोग हैं जिनको तकलीफ होती है कई लोग जानबूझकर कई लोगों को हिंदुत्व की एलर्जी रही है और वह भी रही है।आजादी के बाद भी जानबूझकर हिंदुत्व का अपमान कर रहे थे गलतफहमी फैला रहे थे।हिंदुत्व जीवन प्रणाली है सभी को साथ लेकर चलने वाला हमारा हिंदू है हमारा हिंदू अन्य धर्मों का अनादर करने वाला नहीं है।सबको साथ लेकर चलने वाला है।2014 में हिंदुत्व की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्थिति में आई है।समाज में एक जन जागरण हुआ सम्मान मिला हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे काजू अयोध्या के बारे में विचार थी जो सोच थी वह कहते थे गर्व से कहो हम हिंदू हैं।शिवसेना और भाजपा की विचारधारा एक है 2019 में लोगों को दिल में जो बात थी महाराष्ट्र में शिवसेना भाजपा की सरकार बने साथ में चुनाव लड़े थे चुनाव लड़ने के बाद लोगों की अपेक्षा थी कि सरकार भाजपा शिवसेना की बनेगी लेकिन खुशी की लालच में गलत कदम उठाया गया लेकिन हम लोगों ने आठ 9 महीने पहले इसको सुधार दिया जो अपेक्षा थी हमने वही सरकार स्थापित की। शहम दोनों की विचारधारा को लेकर अयोध्या में दर्शन के लिए आए हैं जो जानबूझकर लोग कर रहे हैं उनको पहले कई लोग कहते थे पहले मंदिर फिर सरकार लेकिन जिन्होंने राम मंदिर का विरोध किया वे कुछ नहीं कर पाए और आप बाला साहब ठाकरे का सपना पूरा करने का काम मोदी जी ने किया है लोग कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे।। मोदी जी ने मंदिर भी बना दिया और तारीख भी बता दियाअब कुछ लोग गए 14 वर्ष का वनवास उनके पिताजी की जो मनसा थी जो सपना था उसके खिलाफ जाकर सत्ता की लालच में क्या–क्या किया।। आप आरोप लगाती जाइए हम काम से जवाब देंगे।हमने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो पिछले सरकारों ने निर्णय नहीं लिए हमारी सरकार किसानों की है हमारी सरकार कामगारों की है हमारी सरकार की जा चुकी है महिला की है सब की है गरीब जनता की है।मैं ऑफिस पर बैठकर घर में बैठकर काम करने वाला मुख्यमंत्री नहीं हूं मैं फील्ड में जाकर काम करता हूं मैं मुंबई में कार्यकर्ताओं को ट्रेन से विदा करने आया था सब जानते हैं यह आदमी जमीन से जुड़ा हुआ है मैं एयर कंडीशन ऑफिस में बैठकर काम करने वाला मुख्यमंत्री नहीं हुं।अयोध्या से हमारा पुराना रिश्ता है कार्य सेवा में भी की है ठाकरे साहब का जो रिश्ता अयोध्या से है जो नाता है वह राजनीतिक नहीं है भावनायिक है।अयोध्या में महाराष्ट्र कौन बनाने के लिए सरकार से अपील की है योगी जी से हमने कहा है अयोध्या में बाला साहब महाराष्ट्र भवन बन जाएगा।

# महिला को बंधक बनाकर दिनदहाड़े घर में घुसे बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।मिल्कीपुर–अयोध्या। सेवा, सुरक्षा और सहयोग का दावा करने वाली कुमारगंज पुलिस के हर वक्त चौकस रहने का दावा उस वक्त फेल हो गया जब तीन नकाबपोश बदमाशों ने दिन दहाड़े चौधरीपुर गांव के एक घर में घुसकर महिला को बंधक बना लिया। बेखौफ बदमाशों ने महिला से मारा– पीटा भी और नकदी व गहने लूटकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने डायल 112 पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। महिला ने घटनाक्रम की लिखित शिकायत कुमारगंज पुलिस से की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुमारगंज अंतर्गत चौधरीपुर पूरे सूबेदार गांव निवासिनी सुधा दुबे ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि कि बीते शनिवार को वह घर पर अपने छोटे से बच्चे के साथ अकेली थी। तभी दोपहर लगभग 2 बजे तीन अज्ञात लोग घर के पीछे की दीवाल से घर में घुस गए। डर की वजह से सुधा बाहर बच्चे को लेकर निकल रही थी, तभी अज्ञात नकाबपोशो ने उसे पकड़ लिया और मुंह में साड़ी के पल्लू ठूंस दिया और मार कर कमरे तथा बक्से की चाबी मांगने लगे। बदमाश बक्सा का कुंडा तोड़कर कान का दो झाला, तीन ठप्पा का गले का माला, 2 जोड़ी नाक में पहनने की बेसर, माथबेंदी, चार जोड़ी पायल, तीन अंगूठी, झुमकी, माला, पावजेब, दो कील व नगद 55 सौ रुपए नकदी लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता महिला ने बताया कि मेरी सासु मां किसी काम से बाग की ओर गई थी और पति कस्बा कुमारगंज में एक निजी दुकान पर काम करने प्रतिदिन की तरह गए हुए थे। पीड़िता ने पुलिस से बताया कि तीनों लोगों ने नकाब बांधा हुआ था, जिसके कारण उन्हें पहचान नहीं पाई। कुमारगंज पुलिस का कहना है कि पीड़ित महिला द्वारा आज लिखित तहरीर दी गई है मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में जब प्रभारी निरीक्षक शिवबालक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे घटना की कोई जानकारी नहीं है।

# श्री अन्न जागरण अभियान के तहत भाजपा कार्यालय से निकाली गयी रैली

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। प्राकृतिक खेती व श्री अन्न जागरण अभियान के तहत रैली निकाली गयी। भाजपा समाजिक न्याय साप्ताहिक पखवारा के अर्न्तगत सिविल लाईन स्थित भाजपा कार्यालय से निकली रैली पुष्पराज, रोडवेज, तहसील होते हुए पुनः भाजपा कार्यालय पर समाप्त हुई। भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष विशाल सिंह बाबा के नेतृत्व में निकली रैली के दौरान जागरुकता को लेकर 250 लोग तख्तियां लेकर चल रहे थे। उससे पूर्व भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव ने बताया कि प्राकृतिक खेती से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी व लागत में कमी आती है। प्राकृतिक खेती का काफी अच्छा परिणाम रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बताया कि श्री अन्न योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होगी। भारत सहित पूरे विश्व में मोटे अनाज को लेकर जागरुकता बढ़ रही है। किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष विशाल सिंह बाबा ने बताया कि आज मोटापा, मधुमेंह, रक्तचाप, हृदय व पाचन सम्बंधी मरीजों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। मोटे अनाज में प्रोटीन कैल्शियम तथा अन्य पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते है। जिनके कारण अन्य बीमारियों का बचाव होता है। प्राकृतिक खेती में रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग नहीं किया जाता है। भाजपा महानगर मंत्री आकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती व श्रीअन्न योजना से खुद को जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर दीपक पाण्डेय, वरुण चौधरी, रवि सोनकर, सुबोध चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र वर्मा, अविनाश सिंह, मयंक सिंह, राकेश पाण्डेय, पंकज कन्नौजिया, प्रवेश यादव प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# जल निकासी ना होने के चलते जलभराव बनी गंभीर समस्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या नगर निगम के देवकाली तिराहा से होकर कोरखाना से गोरखपुर लखनऊ हाईवे मार्ग पर जल भराव की समस्या गंभीर समस्या बनी हुई है।जल निकासी की समस्या न होने के चलते नाली का गंदा पानी सड़कों के आसपास जमा रहता है।जिसके चलते वहां के स्थानीय लोगों के अलावा इधर से गुजरने वाले लोग मजबूरी में इस गंदे जल के बीच से होकर आते जाते हैं।जिसको लेकर स्थानीय लोगों में किसी तरह के संक्रमण बीमारी को लेकर आशंका बनी रहती है। परंतु इस गंभीर समस्या पर नगर निगम



विभाग की ध्यान नहीं जा रहा है।मालूम हो कि इस जगह पर कई स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोचिंग संस्था, दुकान सहित अन्य कई ऐसे संस्थान हैं जहां पर सुबह से लेकर देर शाम तक इधर से लोगों का आवाजाही बना रहता है।यहां पर जल निकासी ना होने के चलते सड़कों पर बह रहा गंदे पानी के बीच मजबूरन में लोगों को आना जाना पड़ रहा है।देवकाली तिराहा से कोरखाना होते हुए गोरखपुर लखनऊ हाईवे को मिलाने वाले संपर्क मार्ग होने के चलते लोगों का आवाजाही भी अधिक संख्या में बनी रहती है। इधर से ही जनप्रतिनिधियों के अलावा राजनीतिक गैर राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व नेताओं का आवास भी है।इधर से ही यह लोग आते जाते भी रहते हैं।परंतु उनका ध्यान इस गंभीर समस्या पर नहीं जाता हुआ दिखाई दे रहा है।वही यहां के स्थानीय लोगों का मानना है कि यह समस्या आज से नहीं कई महीनों से बना हुआ है और इसकी लिखित शिकायत भी कई बार अयोध्या नगर निगम में दी गई।परंतु समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।वहीं यहां पर स्थित अस्पतालों मैं अपना इलाज कराने आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के अलावा वहां पर स्थित महाविद्यालय में पढ़ने आने वाले छात्रों का भी कहना है कि यह गंभीर समस्या एक बहुत ही बड़ी समस्या है।परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते किसी ना किसी संक्रामक बीमारी होने की आशंका हमेशा बनी रहती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग : पति–पत्नी की मौत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। एक तरफ धर्म नगरी अयोध्या में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आगमन पर उनके स्वागत को लेकर तैयारियां जारी थीं वहीं दूसरी तरफ शहर के ही प्रमुख रिहायशी इलाके में स्थित हनुमानगढ़ी चौराहे के निकट शहीद मार्ग पर एक बेहद दर्दनाक घटना के चलते स्थानीय व्यापारी समाज शोक में डूब गया। संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग के चलते एक व्यापारी पति–पत्नी के जिंदा जल जाने का मामला सामने आया है। घटना देर रात की बताई जा रही है, जिसमें घर के अंदर मौजूद पति पत्नी जिंदा जल गए और उनकी मौत हो गई.। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शी महिला निर्मला का कहना है कि अयोध्या के हनुमानगढ़ी चौराहा स्थित शहीद मार्ग पर व्यापारी रमेश गुप्ता की दुकान है. । शनिवार की देर रात पति और पत्नी दुकान के अंदर ही सो रहे थे,अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कोई कुछ समझ नहीं पाया और घर के अंदर सो रहे व्यापारी रमेश गुप्ता और उनकी पत्नी बुरी तरह जल गए। कहा कि आनन–फानन में घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई. साथ ही दोनों घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद व्यापारियों में शोक की लहर है. दुकान में इतनी भीषण आग किन परिस्थितियों में लगी ये जानकारी अभी तक नहीं हो पाई है. व्यापारी नेता नंद कुमार गुप्ता नंदू ने बताया कि इस घटना में बेहद मिलनसार रमेश गुप्ता की मौत हुई है. व्यापार मंडल उनके साथ हुए हादसे पर शोक जताते है।

# समर सिंह की पुलिस कस्टडी रिमांड पर फैसला होगा कल : जेल में बंद भोजपुरी गायक है गुमसुम

वाराणसी ब्यूरो : भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी समर सिंह की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी पर मंगलवार को कोर्ट का आदेश आ सकता है। सोमवार को सिविल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट सौरभी पाठक की अदालत ने समर सिंह को पुलिस कस्टडी रिमांड आवेदन की प्रति देने के लिए मंगलवार को कोर्ट में तलब किया। इससे पहले समर सिंह के अधिवक्ताओं अनुज यादव, विकास यादव और आशीश सिंह ने एक आवेदन दिया। इसमें कहा गया कि सारनाथ थाने की समर सिंह की 72 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी की प्रति उपलब्ध कराई जाए। इस पर अदालत ने आरोपी को जिला कारागार से पुलिस कस्टडी रिमांड संबंधी अर्जी की प्रति को देने के लिए मंगलवार को तलब किया। माना जा रहा है कि आकांक्षा दुबे की आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए अदालत समर सिंह की 72 घंटे की कस्टडी रिमांड की अर्जी मंजूर कर लेगी। पुलिस कस्टडी रिमांड से सुलझेगी गुत्थी पुलिस के अनुसार, कस्टडी रिमांड मंजूर होने पर आकांक्षा की आत्महत्या की वजह के संबंध में समर सिंह से विस्तार से पूछताछ की जाएगी। अब तक की पूछताछ में समर से कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी है। उसके मोबाइल की कॉल डिटेल खंगालने के साथ ही उसका डेटा भी रिकवर करने का प्रयास किया जा रहा है। सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में बीते 26 मार्च की सुबह आकांक्षा दुबे फंदे से लटकी मिली थीं। आकांक्षा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी आजमगढ़ के मेंहनगर निवासी समर सिंह को गाजियाबाद से बीते छह अप्रैल की देर रात गिरफ्तार किया गया था। समर को 8 अप्रैल की शाम रिमांड मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेजा गया। जेल में किसी से भी बात नहीं कर रहा समर सिंह जिला जेल प्रशासन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शनिवार को कारागार में दाखिल होने के बाद क्वारंटीन बैरक में रखा गया समर सिंह गुमसुम है। बैरक में मौजूद अन्य बंदियों से वो बातचीत नहीं कर रहा है। रविवार देर रात तक वह अपने सोने की जगह पर बैठा ही हुआ था। सोमवार सुबह भी वह बंदियों से कन्नी काटता रहा। इस बीच समर को जानने वाले बंदियों ने उससे दुआ–सलाम भी किया, लेकिन उसने किसी को जवाब नहीं दिया। रविवार कोसमर ने जेल की कैंटीन से चाय और समोसा खरीदा था। मुलाकात करने के लिए उसका कोई परिजन जिला जेल नहीं पहुंचा था। उधर, आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के एक अन्य आरोपी आजमगढ़ के बिलरियागंज क्षेत्र के गद्दोपुर गांव निवासी संजय सिंह की तलाश में पुलिस की दबिश जारी है।

# श्रद्धालुओ को हर संभव सुविधा व सुरक्षा मुहैया करना प्रमुख प्राथमिकता — पुलिस महानिदेशक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा व सुरक्षा मुहैया कराना पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा की प्रथम प्राथमिकता है।यह बातें पुलिस महानिदेशक श्री विश्वकर्मा ने अपना पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार शनिवार को आये पुलिस लाइन परिसर स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से कही।इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या, मथुरा व काशी के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में राम नगरी में श्रद्धालुओं के संख्या में काफी इजाफा होगा इसलिए बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराने के साथ–साथ उनको सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिसिंग व्यवस्था को और सुधारने की जरूरत है।दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पुलिस कैसे व्यवहार करें इसके लिए उन्हें विशेष रूप से अयोध्या में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा।इधर राम मंदिर निर्माण के बाद से अयोध्या में श्रद्धालुओं के आने वाले संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है और अगले वर्ष में जिले में एयरपोर्ट बनने के बाद देश विदेश से भी यहां श्रद्धालुओं की भारी संख्या मे इजाफा होगा।जिसके चलते दूरदराज से आने वाले पर्यटक यहां की पुलिस उनके साथ ऐसा व्यवहार करे कि श्रद्धालु पुलिस कर्मियों की तारीफ करें।उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी राम जन्मभूमि में दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को लेकर अभी से ही खुफिया विभाग के अलावा अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई जा रही है।जिससे कि श्रद्धालुओं को यहां पर आकर कोई दिक्कत ना हो।इसके अलावा दूरदराज से विभिन्न प्रांतों से आने वाले श्रद्धालुओं को जगहों व चौराहों पर विभिन्न भाषाओं के माध्यम से लिखे गए बोर्डो से दी जाएगी।अपराध पर रोक लगाने के संबंध में उन्होंने बताया की अपराधिक किस्म के लोगों की संबंधित जिलों के पुलिस प्रमुखों के माध्यम से उनक आपराधिक इतिहास तलाशा जा रहा है और जो लोग जमानत पर छूट गए हैं उन पर भी पुलिस की कड़ी निगाहें टिकी हुई हैं।अगर कोई भी अपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो पुलिस उसे सीधे जेल भेजेगी। गवाहों की सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि



सुप्रीम कोर्ट दिशा निर्देश पर उन्हें सुरक्षा मुहैया कराया जाएगा जिससे गवाहों की जिरह पर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।अयोध्या में सभी जोनों रेड जोन,येलो जोन, ग्रीन जोन को लेकर पुलिस काफी सतर्क है और जरूरत पड़ने पर वॉच टावर ,खुफिया तंत्र,डिजिटल कैमरे, रिवर साइड,कैमरे बुलेट ,प्रूफ कैमरा, को सक्रिय किया जाएंगा।कोई भी घटना न घटे इसके लिए शासन के दिशा निर्देश पर पैरामिलिट्री फोर्स,सिविल फोर्स, जल पुलिस, केंद्रीय रिजर्व बल के जवान की बढ़ोतरी भी बीच–बीच में की जाती रहेगी।पूर्व कार्यक्रम के नियोजित पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजकुमार विश्वकर्मा अयोध्या पहुंच कर हनुमानगढ़ी का का दर्शन पूजन करने के बाद हनुमानगढ़ी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने हनुमान गढ़ी प्रवेश द्वार से लेकर निकास द्वार और हनुमानगढ़ी के सरहद की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों से विधिवत जानकारी लिया।उसके बाद उन्होंने राम जन्मभूमि परिसर व पुलिस लाइन परिसर में स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ने अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार,अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन पीयूष मोंडिया,अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा,आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार, एसएसपी मुनिराज के अलावा रेंज के सभी जिलों के एसपी व एएसपी,सीओ के अलावा खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उससे पहले उन्होंने राम जन्मभूमि परिसर में जाकर दर्शन पूजन कर राम जन्मभूमि की सुरक्षा को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया।

# सामान्य निर्वाचन कराये जाने हेतु कार्यक्रम जारी

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ०प्र० लखनऊ की अधिसूचना दिनांक 09 अप्रैल 2023 द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों के नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतो के महापौरों, पार्षदों, अध्यक्षों तथा सदस्यों के सामान्य निर्वाचन (जनपद महराजगंज की नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार, जनपद मस्ती की नगर पंचायत भानपुर एवं मा० न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित नगरीय निकायों को छोड़कर) कराये जाने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। उक्त के क्रम में मैं अनुज कुमार झा, जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) जौनपुर, जनपद के समस्त नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के पदो के सामान्य निर्वाचन, जो मा० न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर निम्नलिखित विनिर्दिष्ट समय सारणी के अनुसार कराये जाने का निर्देश देता हूँ निर्वाचन अधिकारी (न०नि०)द्वारा सार्वजनिक सूचना निर्गत करने का दिनांक 11 अप्रैल 2023 (मंगलवार), नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय 11 अप्रैल 2023 से 17 अप्रैल 2023 तक (पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का दिनांक व समय 18 अप्रैल 2023 (मंगलवार) (पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), अभ्यर्थन की वापसी का दिनांक व समय 20 अप्रैल 2023 (गुरुवार) (पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक), प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय 21 अप्रैल 2023 (शुक्रवार) (पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), मतदान का दिनांक व समय 04 मई 2023 (गुरूवार) (पूर्वान्ह 07.00 बजे से अपरान्ह 06.00 बजे तक), मतगणना का दिनांक व समय 13 मई 2023 (शनिवार) (पूर्वान्ह 08.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक) किया जायेगा। समस्त रिटर्निंग अधिकारी (न०नि०) अपने से सम्बन्धित क्षेत्रों के निर्वाचन की सार्वजनिक सूचना दिनांक 11 अप्रैल 2023 को निर्गत करेंगे तथा उसकी प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजेंगे। समस्त रिटर्निंग अधिकारी तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उपर्युक्त कार्यक्रम का अपने से सम्बन्धित नगरीय निकायों के क्षेत्र में व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाएगा तथा उसकी प्रतियों सम्बन्धित कार्यालयों तथा नगरीय निकायों के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित करेंगे। उक्त सामान्य निर्वाचन उत्तर प्रदेश नगर पालिका (सदस्यों, पार्षदों, अध्यक्षों और महापौरों का निर्वाचन) नियमावली, 2010 के अनुसार सम्पन्न होगा। उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। देश भर में कोविड की स्थिति में समग्र सुधार को देखते हुए और राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध अधिकरण/राज्य आपदा प्रबन्ध अधिकरण द्वारा आपदा प्रबन्ध अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक उपाय को वापस लेने के मद्देनजर, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समय समय पर जारी की गई सलाह का पालन करने का निर्णय लिया गया है। सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान पाँच सूत्री रणनीति पर लगातार फोकस किया जाएगा, यानी टेस्ट–ट्रैक–ट्रीट–टीकाकरण और कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करेंगे। जिला मशीनरी द्वारा प्रभावी ढ़ग से कोविड स्थिति की निगरानी की जाएगी और आवश्यक कानूनी/प्रशासनिक मानदंड निर्धारित करके कोविड उपयुक्त व्यवहार के मानदंडों को लागू किया जाएगा।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।